IV दैनिक जागरण नई दिल्ली, 3 अगस्त 2017 जागरण सिटी पश्चिमी दिल्ली

स्थापना दिवस पर कॉलेज परिसर में बनाया गया इको जोन

करोलबाग में आयोजित कार्यक्रम में सांसद मीनाक्षी लेखी का स्वागत करतीं जानकी देवी मेमोरियल कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. स्वाति पॉल • जागरण

जासं, पश्चिमी दिल्ली : पर्यावरण संतुलित रखने का संदेश देते हुए जानकी देवी मेमोरियल कॉलेज का स्थापना दिवस मनाया गया। कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ. स्वाति पाल ने कहा कि हर कॉलेज में पढ़ाई होती है। हम अपने बच्चों को किताब के संग व्यावहारिक बातें भी सिखाते हैं। कॉलेज परिसर में इको जोन बनाया गया है। इसका उद्देश्य छात्राओं को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना है। इसके लिए कॉलेज की ओर से समय-समय पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।

स्थापना दिवस समारोह में सांसद मीनाक्षी लेखी ने कॉलेज की ओर से पर्यावरण को लेकर किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि जिस तरह से प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है, उसमें इस तरह के प्रयास बहुत जरूरी हैं। यह प्रयास सभी संस्थानों में होने चाहिए। सुलभ इंटरनेशनल के संस्थापक बिंदेश्वर पाठक ने प्रधानाचार्या डॉ.स्वाति पाल का उत्साह बढ़ाया। कॉलेज के स्थापना दिवस पर छात्रों ने कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस मौके पर गीत-संगीत व नाटक का मंचन किया गया।